# गांधी जयंती पर साइक्लिंग के जरिए दिया अच्छा स्वास्थ्य रखने का संदेश

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का बुधवार को गांधी जयंती पर सफाई अभियान के साथ समापन हो गया।

इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय परिसर में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से आयोजित सफाई अभियान कार्यक्रम में कुलपति डॉ अरुण कुमार, अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश, प्रसार निदेशक डॉ पी. एस.शेखावत, कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पी. के. यादव, आईएबीएम निदेशक डॉ आई.पी. सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया, लाइजन ऑफिसर डॉ वाई. के. सिंह, सिमका प्रभारी डॉ सुजीत कुमार यादव, डॉ वी. एस. आचार्य, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की डॉ नीना सरीन, डॉ मंजू राठौड़, कृषि महाविद्यालय के एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ सीपी मीना, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ परीमिता, एनसीसी इंचार्ज डॉ आर. के. जाखड़, सभी छात्रावासों के वार्डन समेत बड़ी संख्या में एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। सभी ने झाड़ू लगाकर करीब एक घंटे तक सफाई अभियान चलाया।



स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरूण कुमार सिंह ने साइक्लिंग के जरिए अच्छा स्वास्थ्य रखने का संदेश दिया।

इससे पूर्व छात्र कल्याण निदेशालय परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कुलपति डॉ अरूण कुमार और कृषि विश्वविद्यालय के सभी डीन डायरेक्टर्स व स्टूडेंट्स ने दोनों महापुरूषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की।

कुलपति डॉ अरूण कुमार ने बताया कि कृषि विश्वविद्यालय में 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। इसके तहत कृषि महाविद्यालय बीकानेर, आईएबीएम और सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने छात्रावासों में, कृषि विश्वविद्यालय कार्यालयों, सड़कों इत्यादि पर साफ-सफाई की। स्वच्छता ही जीवन को आधार मानते हुए सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के समापन पर भी कृषि विश्वविद्यालय कार्यालयों, मुख्य सड़कों इत्यादि पर सफाई की गई।

कुलपति ने बताया कि कार्यक्रम में सभी को कृषि विश्वविद्यालय परिसर को क्लीन एंड ग्रीन रखने को लेकर प्रेरित किया गया। स्वच्छता पखवाड़े के आयोजन से विद्यार्थियों में भी स्वच्छता को लेकर जागरूकता पैदा हुई है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ निर्मल

- **छात्रावासों के वार्डन समेत बड़ी संख्या में एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों ने झाड़ू लगाकर करीब एक घंटे तक सफाई अभियान चलाया**

सिंह दहिया ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 15 अगस्त से 02 अक्टूबर तक सभी कृषि महाविद्यालयों, आईएबीएम, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में प्रतिदिन सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

विद्यार्थियों को छात्रावासों, महाविद्यालय परिसर को साफ सुथरा रखने हेतु प्रेरित किया गया। खास बात ये कि गांधी जयंती के अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित सफाई अभियान कार्यक्रम में कुलपति डॉ अरूण कुमार अपने आवास से कार्यक्रम स्थल तक साइकिल चलाते हुए पहुंचे। इससे उन्होने स्टूडेंट्स और स्टाफ को साइकिल का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने और साइकिलिंग के जरिए अच्छा स्वास्थ्य रखने का संदेश भी दिया।

## साइंस प्रदर्शनी में दिखाया हुनर

**बीकानेर,** (कासं)। रामपुरा लालगढ स्थित मघी देवी सरस्वती सीनियर सैकण्डरी स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। स्कूल के लगभग 115 स्टूडेंट ने हिस्सा लिया।

सभी स्टूडेंट ने अपने-अपने ग्रुप बनाकर साइंस के प्रोजेक्ट तैयार किये। इन प्रोजेक्ट में आईवर्किंग, वेस्ट मटेरियल से बॉडी वर्किंग, चंद्रयान, कंप्यूटर वेबसाइट व प्रोजेक्टर बनाने आदि के प्रोजेक्ट का प्रजेंटेशन किया गया। स्टूडेंट के अभिभावक व अन्य जन सामान्य वर्ग इस साइंस एग्जीबिशन को देखने के लिए बड़ी मात्रा में आए। सभी ने स्टूडेंट की बहुत प्रशंसा की।

सभी लोग स्टूडेंट द्वारा बनाए गए इन प्रोजेक्ट को देखकर आश्चर्यचकित हो गए कि इस उम्र के स्टूडेंट भी इतना अच्छा कार्य कर सकते हैं। प्रोग्राम में वोटिंग द्वारा फर्स्ट, सेकंड व थर्ड स्थान का चयन किया गया। जिसमें कक्षा 12 द्वारा बनाए गए स्कूल वेबसाइट प्रोजेक्ट को प्रथम सिलेक्ट किया गया।

कक्षा 11 के स्टूडेंट द्वारा बनाए गए प्रोजेक्टर के प्रोजेक्ट को द्वितीय स्थान मिला। कक्षा 12 के ही स्टूडेंट द्वारा बनाया गया चंद्रयान के प्रोजेक्ट को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रथम स्थान वाले स्टूडेंट ख्यालचंद जयपाल, मोनू सिंह, जितेंद्र घारु, संदीप पाल, विष्णु प्रजापत तथा श्यामू है तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट का नाम कौशर है। सानिया का ग्रुप तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट का नाम साहिल है।

## सार-समाचार

### पर्यावरण के लिए सफाई जरूरी




राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में स्वच्छता अभियान का शुभारंभ महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इसका आयोजन राजकीय डूंगर महाविद्यालय के कन्या छात्रावास में महिला प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में किया गया। इस अवसर पर बीकानेर नगर निगम की महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित मुख्य अतिथि, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। महापौर सुशीला कंवर ने अपने संबोधन में अपनी विद्यार्थी जीवन की स्मृतियों को ताजा करते हुए स्वयंसेवकों को स्वच्छ भारत अभियान में अपना अमूल्य योगदान देने की अपील की। विशिष्ट अतिथि सत्यप्रकाश आचार्य ने स्वच्छता को स्वभाव में लाने की आवश्यकता जताई व स्वयंसेवकों से आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने की अपील की। प्राचार्य डॉ. पुरोहित ने स्वयंसेवकों व छात्रावास की विद्यार्थियों से कहा कि स्वच्छता को स्वभाव एवं संस्कार बनाए। कन्या छात्रावास में महापौर सुशीला कंवर, समाजसेवी डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य व प्राचार्य डॉ. राजेन्द्र पुरोहित ने स्वच्छता अभियान का आगाज किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर परिसर को साफ-सुथरा बनाने में अपना श्रमदान दिया। स्वयंसेवकों के एक दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों ने भी अपनी बेहतरीन अभिव्यक्तियां प्रदान की। स्वयंसेवकों द्वारा नृत्य, देशभक्ति गीत, भाषण इत्यादि प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर एन. एस. एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मल कुमार रांकावत, डॉ. संपत भादू, डॉ. राजेन्द्र सिंह, नेहरू युवा केन्द्र बीकानेर की युवा अधिकारी रुबीपाल एवं अनेक विद्वान संकाय सदस्य, स्वयंसेवक उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुमन चौधरी ने किया।

### शायर डॉ.नासिर जैदी का अभिनंदन



शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान के तत्वावधान में शायर डॉ. सैयद नासिर जैदी का अभिनंदन किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान के तत्वावधान में शायर डॉ.सैयद नासिर जैदी का अभिनंदन किया गया। बर्तन बाजार में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. जैदी ने अपनी चुनिंदा रचनाएं पेश कर भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि कथाकार राजेंद्र जोशी ने कहा कि डॉ. सैयद जैदी की शायरी राष्ट्रप्रेम, मानवीय भावनाओं से ओत प्रोत है, जिनमे मानवता और भाईचारे का संदेश भरा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ लेखक अशफाक कादरी ने कहा कि डॉ. सैयद जैदी के कलाम में समय का सच है जो आम इंसान को सोचने पर मजबूर करता है। कार्यक्रम संयोजक कवि कथाकार राजाराम स्वर्णकार ने डॉ. सैयद नासिर जैदी के व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आर. के. भटनागर, पवन प्यारे, प्रेमनारायण व्यास ने भी अपने विचार व्यक्त किए। प्रो डॉ. सैयदा सोफिया जैदी ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया।

### रैली से दिया स्वच्छता का संदेश

**चूरू,** (कासं)। स्वामी गोपाल दास राजकीय कन्या महाविद्यालय की एनएसएस की छात्राओं ने बुधवार को महात्मा गांधी जयंती को स्वच्छ-भारत दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर चूरू के धर्मस्तूप के आस-पास सिंगल यूज प्लास्टिक के कचरे को इकट्ठा कर उसका निस्तारण किया गया। इस दौरान एक रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चंपालाल वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छता संबंधी नारे लगाये और मुख्य मार्ग पर दुकानदारों और रेहड़ी पटरी वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रमदान कर किया गया। कार्यक्रम में भाजपा युवा नेता भंवर गुर्जर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जोश और जज्बे के साथ इस कार्य को करें। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्यक्रम केवल औपचारिक रूप से नहीं होने चाहिये, बल्कि इससे लोगों को जागरूक करना चाहिये। उन्होंने स्वच्छता संबंधी गतिविधियों से भी छात्राओं को अवगत कराया। सेवानिवृत्त सेना अधिकारी मंगतू राम गुर्जर ने स्वच्छता को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए उपयोगी बताया। प्राचार्य डॉ. चंपालाल वर्मा ने छात्राओं को ऐसे अवसरों पर योगदान देने के लिए आठाह किया।

# सातों विधायक बैठक से गायब, नहरी पानी से सबका किनारा

- **नहरों का रेग्युलेशन निर्धारित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में भाखड़ा रेग्यूलेशन कमेटी की बैठक में सभी विधायक नहीं पहुंचे**

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भाखड़ा परियोजना की नहरों का रेग्युलेशन निर्धारित करने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में भाखड़ा रेग्यूलेशन कमेटी की बैठक की गई। श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले की अर्थव्यवस्था में नहरों का अहम योगदान माना जाता है। सिंचाई पानी को लेकर बड़े आंदोलन भी दोनों जिलों में हो चुके हैं। भाखड़ा रेग्युलेशन कमेटी की बैठक में शामिल होने के लिए सभी विधायकों को सूचित किया गया था।

इस अहम बैठक में किसान हित की बात करने को श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़ जिले के कोई विधायक व सांसद बैठक में शामिल नहीं हुए। इस तरह उपस्थिति मामले में विधायकों व सांसद की संख्या जीरो रही। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर कानाराम ने की। किसान प्रतिनिधि ओम जांगू ने कहा कि विभाग की ओर से तैयार रेग्युलेशन से किसानों की कोई फसल नहीं पकेगी। सरसों व चने को भी कोर दबाने के लिए दिसम्बर में पूरा पानी चाहिए। जांगू ने जनवरी तक नहरों में 1200 क्यूसेक पानी चलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि विभाग ने जो रेग्युलेशन तैयार किया है वह आंकड़ों के हिसाब से ठीक है लेकिन खेती के लिहाज से उचित नहीं है।

इस स्थिति में विभाग से मांग करते हैं कि वह जनवरी तक पूरा पानी चलाए। किसान प्रतिनिधि अशोक चौधरी ने कहा कि सिंचाई विभाग 1200 क्यूसेक पानी देकर रबी फसलों की बिजाई करवा दें। पकाई ऊपर वाला अपने आप करवा देगा। सभी पक्षों को जानने के बाद जिला कलेक्टर कानाराम ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास रहेगा कि नहरों में अधिकतम पानी अधिकतम समय के लिए चलाया जाए। लेकिन बांधों में भंडारित पानी का ध्यान रखना बेहद जरूरी होगा।

उपलब्ध पानी को ही सही तरीके से वितरित करने के लिए यह बैठक बुलाई गई है। भाखड़ा रेग्युलेशन कमेटी की संपन्न हुई बैठक में सात में से एक भी विधायक बैठक में किसान हित की बात करने नहीं पहुंचे।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार हनुमानगढ़ विधायक गणेशराज बंसल, सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनियां, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर, श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, श्रीकरणपुर विधायक रूपिंदर सिंह कुन्नर व सांसद कुलदीप इंदौरा को बैठक में शामिल होना था। इसकी सूचना सभी को भिजवाई गई थी।

किसान नेता ओम जांगू ने आरोप लगाया कि चुनाव के वक्त किसानों को हक का पानी दिलाने की बात करने वाले सभी नेता इस बैठक में गैर हाजिर रहे। जो उनकी किसान हित की सोच को साफ दर्शाती है।

## संतोष अहलावत ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**चूरू,** (कासं)। पूर्व सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने प्रदेश की सरकार के कार्यकाल को प्रदेश के लिए स्वर्णिम कार्यकाल बताया। पूर्व सांसद और भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने सरकार की जलजीवन मिशन, कुसुम योजना, रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना और तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, लखपति दीदी योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा कि यह डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है।

जिस प्रकार केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां देश को विकसित देश बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। उसी प्रकार प्रदेश सरकार उसी रास्ते पर चलते हुऐ प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने की और अठासर है। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा से मिलकर हमने जो चूरू के विकास के लिए योजनाएं मांगी हैं। उन सभी योजनाओं को प्रदेश के बजट में इस सरकार ने जारी किया।

## गांधी व शास्त्री की जयंती मनाई

**सीकर,** (निसं)। समाज कल्याण सप्ताह के दूसरे दिन राष्ट्रिपता महात्मा गांधी जयन्ती के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर हेमराज परीडवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पुरोहित, सहायक निदेशक जनसम्पर्क पूरण मल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की उप निदेशक प्रियंका पारीक सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों ने गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने महात्मा गांधी के आदर्शों को आज के युग में अधिक प्रासंगिक बताते हुए इनकों अपने जीवन में आत्मसात करने की बात कही। उन्होंने बापू के आदर्शों, जीवनदर्शन, सिद्धान्तों को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गांधीजी ने सत्य, अंहिसा के मार्ग पर चलने की बात कही थी जिसकी शुरूआत हमें अपने स्वयं से ही करनी चाहिए। गांधीजी का पूरा जीवन हमें प्रेरणा देता है। गांधीजी हमेशा मंशा, वाचा, कर्मणा की बात कहते थे, उन्होंने जीवन में स्वच्छता के महत्व पर बल दिया।कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया गया तथा शास्त्री की सादगी एवं आदर्शो पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना सभा में रधुपति राघव राजा राम, वैष्णव जन तो तेने कहिए, हर देश में तू हर भेष में तू गांधीजी के प्रिय भजनों का स्काउट गाईड के बच्चों ने गायन के साथ ही स्वच्छता की लघु नाटिका का मंचन कर उपस्थित जनों को स्वच्छता के महत्व का प्रेरक संदेश दिया।कार्यक्रम के बाद जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने कलेक्ट्रेट के लॉन में पौधारोपण किया तथा पांच दिव्यांगों को माला पहनाकर स्कूटी प्रदान की। इस दौरान महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के जिला संयोजक, जिला सह संयोजक राजेन्द्र प्रसाद सैनी, यूआईटी सचिव जगदीश प्रसाद गौड़, जिला परिषद सदस्य उर्मिला धायल, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, जिला खेल अधिकारी अशोक कुमार, सहायक निदेशक शिक्षा राकेश गढ़वाल आदि मौजूद रहे।

## साफ-सफाई व श्रमदान किया

**पाटन,** (निसं)। स्वच्छता पखवाड़े के तहत पशुपालन विभाग के जिला कार्यालय सहित समस्त 171 संस्थाओं में साफ सफाई एवं श्रमदान कार्य संपन्न हुए।

विभाग के जिला उपनिदेशक डॉ रणजीत मेहरानिया ने बताया कि विभाग के उपनिदेशक कार्यालय, 6 ब्लॉक कार्यालय, 10 प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय, 56 पशु चिकित्सालय एवं 98 पशु चिकित्सा उपकेंद्रों में रिकॉर्ड, स्टोर एवं स्टोक का नियमित संधारण, साफ सफाई, श्रमदान के कार्य कर स्वच्छता को लेकर शानदार संदेश दिया गया ।

जिसकी प्रशंसा प्रमुख शासन सचिव पशुपालन विभाग द्वारा भी की गई । डॉ मेहरानिया ने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर उक्त कार्य पूर्ण किया जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं का नाम संबंधित जिला कार्यालय द्वारा उच्च अधिकारियों को भी भिजवाए गए है।

ब्लॉक कार्यालय उदयपुरवाटी, पशु चिकित्सालय छापोली, जीलो, जसरापुर, नेवरी, पशु चिकित्सा उपकेंद्र करड़का, डेहरा जोहड़ी, स्यालोदडा आदि संस्थाओं की भवन व कार्यालय की शानदार व्यवस्था ने सभी संस्थाओं के लिए उदाहरण पेश किया है।

## 10 लाख रूपये का चैक सौंपा

**सीकर,** (निसं)। सीकर केन्द्रीय सहकारी बैंक शाखा सूरजपोल द्वारा ग्राम सेवा सहकारी समिति रसीदपुरा के ऋणी सदस्य ताराचंद निवासी मैलासी की मृत्यु हो जाने पर समिति द्वारा दुर्घटना बीमा क्लेम तैयार कर बीमा कम्पनी को भिजवाया गया था। जिस पर बैंक के ब्रांच मैनेजर हिमांशु सोनी, सहकारी जिला कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह सुण्डा, पैक्स मैनेजर राकेश कुमार, रिछपाल सुंडा ,नरेश सुंडा द्वारा नोमिनी मृतक की पत्नी संजू देवी को 10 लाख रूपये की राशि का चैक सौंपा गया। इस दौरान सहकारी समिति के अध्यक्ष ताराचंद, सरपंच प्रतिनिधि अनिल एवं गणमान्य ठाामवासी मौजूद रहे।

## मंत्री गोदारा ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी संभाग मुख्यालय में आज प्रदेश की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 10 माह के कार्यकाल और उपलब्धियों पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने प्रेस वार्ता कर सरकार के द्वारा किए कार्यो की जानकारी दी।

मंत्री गोदारा ने कहा कि भजनलाल सरकार हर वर्ग के लिए हर क्षेत्र में काम कर रही है। 10 माह के कार्यकाल में सरकार ने संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (ई.आर.सी.पी.) के लिए केन्द्र सरकार, राजस्थान एवं मध्यप्रदेश के मध्य एमओयू, ताजेवाला हैड से यमुना के पानी के राजस्थान में उपयोग के लिए केन्द्र सरकार, हरियाणा एवं राजस्थान सरकार के मध्य एमओयू, पेयजल योजनाओं पर 5870 करोड़ रूपये व्यय, जल जीवन मिशन में 9.03 लाख नल कनेक्शन, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम एवं एनटीपीसी, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, कोल इंडिया एवं एनएलसी इंडिया के मध्य 28,500 मेगावाट की अक्षय ऊर्जा एवं 3325 मेगावाट की थर्मल परियोजनाएं स्थापित करने के लिए 1 लाख 50 हजार करोड़ रूपये के निवेश के लिए एमओयू, प्रसारण तंत्र को 10 हजार करोड़ रूपये के निवेश से सुदृढ एवं विकसित करने हेतु पावरग्रिड कॉर्पोरेशन के साथ एमओयू किया। कुसुम सी के अंतर्गत 1783 स्थानों पर 4524 मेगावाट के संयत्रों की स्थापना के लिए कार्यादेश जारी, लगभग 3 लाख कृषि कनेक्शन धारको को दिन में बिजली उपलब्ध हो सकेगी।

इसी तरह पेपर लीक में एस.आई.टी. द्वारा 52 एफआईआर दर्ज की गई। 173 दोषियों की गिरफ्तारी हुई।

# कपड़े के थैलों का उपयोग ही पर्यावरण सुरक्षा के लिए बेहतर उपाय : रविन्द्र जैन

**बीकानेर,** (कासं)। महावीर इंटरनेशनल जनसेवार्थ- जनहितार्थ सेवा कार्यों के अंतर्गत अपने 50 वें वर्ष को गोल्डन जुबली वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

इसके तहत पर्यावरण जन जागृति अभियान महावीर इंटरनेशनल के चारों केन्द्र महावीर इंटरनेशनल बीकानेर, गंगाशहर, बीकाणा वीरा केन्द्र और गंगाणा वीरा केन्द्र द्वारा चलाया जा रहा है। 2 अक्टूबर बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती अवसर पर महावीर इंटरनेशनल केन्द्र के चारों केन्द्र की ओर से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर में पर्यावरण जन जागृति अभियान 'सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बीकानेर' संगोष्ठी आयोजित की गई।




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुजानदेसर के विद्यार्थियों को महावीर इंटरनेशनल ने कपड़े के थैले वितरित किए ।

मुख्य वक्ता महावीर इंटरनेशनल पर्यावरण संरक्षण के अंतरराष्ट्रीय निदेशक वीर रविन्द्र जैन ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक की थैलियां इस्तेमाल नहीं करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। इस मौके पर विद्यालय के बालक-बालिकाओं को संबोधित करते हुए जैन ने प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसान से अवगत कराया और कहा कि हमें जितना हो सके प्लास्टिक की थैलियों का, बोतलों और अन्य वस्तुओं का दैनिक जीवन में कम से कम उपयोग करना चाहिए। यह पर्यावरण के लिए ही नहीं हम सबके लिए घातक है। इनके कम से कम इस्तेमाल से हम पर्यावरण संरक्षण में बहुत बड़ा योगदान दे सकते हैं। संगोष्ठी में कार्यक्रम प्रभारी उप निदेशक पर्यावरण रीजन 5 वीरा भारती गहलोत, महावीर इंटरनेशनल बीकानेर के अध्यक्ष वीर नरेन्द्र सुराणा, गंगाशहर अध्यक्ष वीर टोडरमल चौपड़ा, गंगाणा वीरा केन्द्र अध्यक्ष वीरा रक्षा बोथरा, सचिव वीरा सरिता नाहटा, बीकाणा वीरा केन्द्र कोषाध्यक्ष वीरा मिथिला भूरा, सदस्य वीर त्रिलोकचंद बाफना, वीर चन्द्र कुमार राखेचा, जेठमल नाहटा, वीर प्रवीण मित्तल, वीर सुरेश गुप्ता सहित समस्त विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को कपड़े के थैले वितरित किए गए।


- **विद्यार्थियों को प्लास्टिक की थैलियां इस्तेमाल नहीं करने और स्वच्छता की शपथ दिलाई**

## अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत शोभायात्रा निकाली

**बीकानेर,**(कासं)। भगवान अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत आज शहर में शोभायात्रा निकाली। शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई यह यात्रा अग्रसेन सर्किल पहुंची।

शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया। तीन अलग- अलग स्थानों से संचेतन झांकियो से सुभोषित शोभायात्रा में समाज की महिला, पुरूष व बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। अग्रसेन भवन व्यास कॉलोनी, समता नगर तथा अग्रवाल सभा भवन गोगागेट से रवाना हुई इन शोभायात्राओं में सजे धजे उंट गाड़े, घोड़े, रथ व पैदल तथा वाहनों पर चलते सजातीय बंधु भगवान अग्रसेन के जयकारे लगा रहे थे। इस शोभायात्रा का त्रिवेणी संगम डीआरएम ऑफिस के पास स्थित अग्रसेन सर्किल पर हुआ। जहां भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई।

भगवान अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह तीन अक्टूबर को आयोजित होगा। कार्यक्रम में पूजन आरती के बाद मेधावी विद्यार्थियों, समाज के विशिष्ट




अग्रसेन जयंती महोत्सव के तहत सजे धजे ऊंटगाड़े, घोड़े, रथ व पैदल तथा वाहनों पर शोभायात्रा निकाली।

जनों का सम्मान, उद्यमियों व विभिन्न वर्ग की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर विकास न्यास की सचिव अर्पणा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि राजस्थान राज्य अभिलेखागार के निदेशक नितिन गोयल, जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवि गर्ग होंगे। जबकि अध्यक्षता उद्योगपति बुलाकी दास अग्रवाल करेंगे। इस दौरान विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता भी 12 वर्ष तक आयु वर्ग के लिये रखी गई है।

कार्यक्रम में उद्यमी राजेन्द्र अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, अरूण रंगवाला, भगवानदास को उद्यमी सम्मान, गोविन्दराम चौधरी, प्रेमरतन अग्रवाल, शिवशंकर सिंघानिया को दानदाता सम्मान से नवाजा गया।